

# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की कलम से.........

एनएचपीसी NHPC

*1 मार्च, 2022*

*प्रिय साथियों,*

मैंने इस अग्रणी संगठन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में 24 फरवरी, 2022 को दो वर्ष पूरे किए हैं। इस प्रगतिशील अवधि में आप सभी से प्राप्त हुए अभूतपूर्व समर्थन के लिए मैं आपकी प्रशंसा और अपनी कृतज्ञता अभिव्यक्त करता हूँ। महामारी से उत्पन्न विशाल चुनौतियों के बावजूद हमने मिलकर कुछ बड़ी सफलताएं अर्जित की हैं। हमने एक साथ मिलकर जो हासिल किया है उस पर मुझे गर्व है।

वर्तमान में, हम 7000 मेगावाट की कंपनी हैं, लेकिन जिस गति से हम प्रगति कर रहे हैं और जिस प्रकार विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ने देश में कई बड़े प्रोजेक्ट आवंटित करके हम पर भरोसा जताया है, मैं आपको आश्वस्त करता हूँ कि हम शीघ्र ही 50,000 मेगावाट की कंपनी बन जाएंगे। हम न केवल देश के भीतर बल्कि नेपाल में भी तेजी से प्रगति कर रहे हैं। हम मुगु करनाली (1902 मेगावाट) और फुकोट करनाली (480 मेगावाट) जलविद्युत परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वाले हैं। इसके अलावा, मध्य प्रदेश, ओडिशा, झारखंड और आंध्र प्रदेश राज्यों ने भी पंप स्टोरेज परियोजनाओं के निर्माण में एनएचपीसी के साथ कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है। अब समय आ गया है कि हम इन परियोजनाओं को रिकॉर्ड समय में पूरा करने के लिए अपना उत्कृष्ट कार्य निष्पादन करते रहें ताकि इस आम धारणा को दूर किया जा सके कि समय और लागत आधिक्य के बिना जलविद्युत परियोजनाओं का निर्माण नहीं किया जा सकता है। हमें गर्व है कि हम भारत में जलविद्युत क्षेत्र के पथ प्रदर्शक हैं और जलविद्युत क्षेत्र की धूमिल हुई छवि को निखारना हमारी जिम्मेदारी है। इसे प्राप्त करने के लिए, हमें एक संगठित टीम बनना होगा जो हमारे सभी प्रमुख हितधारकों की अपेक्षाओं को पूरा करे।

हमारा वित्तीय निष्पादन प्रगतिशील रहा है। इस वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही तक हमारा लाभ 2978 करोड़ रुपए है जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि के लिए यह 2829 करोड़ रुपए था। महामारी की चुनौतियों के बावजूद, हमने वित्त वर्ष 2020–21 में अब तक का सबसे अधिक लाभ प्राप्त किया है। हम पूरी संभावना के साथ वित्त वर्ष 2021–22 में इससे अधिक लाभ प्राप्त करेंगे।

मैंने 02 फरवरी, 2022 को जम्मू व कश्मीर के माननीय उप राज्यपाल श्री मनोज सिन्हा से मुलाकात की और उन्हें जम्मू व कश्मीर में पकल दुल (1000 मेगावाट), किरू (624 मेगावाट), रतले (850 मेगावाट) और क्वार (540 मेगावाट) जलविद्युत परियोजनाओं में चल रही गतिविधियों से अवगत कराया। वें इन जलविद्युत परियोजनाओं की प्रगति से प्रसन्न हुए और उन्होंने जम्मू व कश्मीर में सावलकोट जलविद्युत परियोजना (1856 मेगावाट) की शुरुआत के लिए गतिविधियों में तेजी लाने की सलाह दी है।

मैंने, परियोजना में निर्माण गतिविधियों की प्रगति का आकलन करने के लिए दिनांक 5 से 6 फरवरी, 2022 तक सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा किया। दौरे के दौरान, श्री तारिन डाकपे, माननीय विधायक (रागा), स्थानीय समुदाय के नेताओं और प्रशासन के साथ अरुणाचल प्रदेश में एनएचपीसी को सौंपी गई परियोजनाओं के कार्यान्वयन के बारे में चर्चा की। सुबनसिरी लोअर (2000 मेगावाट) परियोजना के निर्माण से लोगों की मानसिकता में सकारात्मक बदलाव आया है और उन्होंने राज्य में हमारी अन्य भावी परियोजनाओं के लिए अपना समर्थन देने का आश्वासन दिया है। परियोजना के दौरे के दौरान, मुझे श्री प्रदान बरुआ, माननीय सांसद, लखीमपुर से मिलने का भी अवसर मिला। माननीय सांसद ने कार्यों की प्रगति की सराहना की और परियोजना के लिए अपना समर्थन देने का आश्वासन दिया है।

अरुणाचल प्रदेश के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री चाउना मेंन ने 6 फरवरी, 2022 को 2000 मेगावाट की एनएचपीसी सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा किया। उन्होंने परियोजना के विभिन्न घटकों का दौरा किया और अब तक हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने राज्य में एनएचपीसी की भावी परियोजनाओं में गहरी रुचि ली है और न केवल सुबनसिरी लोअर को पूरा करने के लिए बल्कि इन भावी परियोजनाओं में कार्य शीघ्र शुरू करने के लिए भी समर्थन देने आश्वासन दिया है। चर्चा के दौरान, श्री तेज ताकी, माननीय मंत्री, कृषि, बागवानी, पशुपालन और पशु चिकित्सा, डेयरी विकास, मत्स्य पालन, अरुणाचल प्रदेश, सरकार भी मौजूद रहे।

सौर व्यवसाय में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने के अपने मिशन को ध्यान में रखते हुए, एनएचपीसी ने 8 फरवरी, 2022 को राजस्थान में 10000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा पार्क / परियोजनाओं के विकास के लिए राजस्थान रिन्युबल एनर्जी कॉर्पोरेशन लिमिटेड और राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के साथ आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की गरिमामयी उपस्थिति रही। हमने नवीकरणीय ऊर्जा, लघु हाइड्रो और ग्रीन हाइड्रोजन आधारित व्यवसाय के विकास के लिए पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी ''एनएचपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (एनआरईएल)'' को निगमित किया है।

श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, माननीय सांसद (लोकसभा) खंडवा निर्वाचन क्षेत्र, मध्य प्रदेश दिनांक 09 फरवरी, 2022 को हमारे निगम मुख्यालय आए। माननीय सांसद के साथ हुई भेंट में चर्चा मुख्य रूप से मध्य प्रदेश में सौर और पंप स्टोरेज परियोजनाओं की स्थापना के संबंध में हुई।

**इस माह की मुख्य विशेषताएं :**

- मैंने 18 फरवरी, 2022 को बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड का दौरा किया और 65 मेगावाट की कालपी परियोजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। यह परियोजना मई, 2022 तक कमीशन हो जाएगी लेकिन मार्च 2022 तक इसके 22 मेगावाट को कमीशन करने के प्रयास किए जा रहे हैं।
- एनएचपीसी को वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए आईसीएआई गोल्ड शील्ड और सर्वश्रेष्ठ वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुति के लिए एस.ए.एफ.ए सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट से सम्मानित किया गया। डॉ. जितेंद्र सिंह, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय तथा माननीय राज्य मंत्री, पीएमओ तथा कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार ने दिनांक 9 फरवरी, 2022 को आईसीएआई गोल्ड शील्ड और एस.ए.एफ.ए सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट प्रदान किया।

- एनएचपीसी ने 9 साल 8 महीने की अवधि के लिए 5.66% प्रति वर्ष की बहुत प्रतिस्पर्धी ब्याज दर पर 2000 करोड़ रुपए का सावधि ऋण प्राप्त किया है। यह किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के लिए उपलब्ध सर्वोत्तम दरों में से एक है। इससे हमारी भारित औसत घरेलू उधार संबंधित लागत में 29 बेसिस प्वाइंट की कमी आएगी।
- फरवरी, 2022 माह के दौरान, हमारा 45 दिनों से अधिक का बकाया और अधिभार 945.51 करोड़ रुपए था, जो सभी मौजूदा पावर स्टेशनों की कमीशनिंग के बाद से अब तक का सबसे कम स्तर है। वाणिज्यिक विभाग की टीम को उनके अथक प्रयासों के लिए बधाई।
- हमारे एलीट स्पोर्ट्स स्कॉलरशिप प्राप्तकर्ता में से एक, सुश्री रीतिका ने बुल्गारिया के वेलिको टार्नोवो में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में 72 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता है।
- अपनी सूचना और संचार अवसंरचना को उन्नत करने के हमारे प्रयासों को जारी रखते हुए, 22 फरवरी, 2022 को पूरे एनएचपीसी में इंटरनेट प्रोटोकॉल (आईपी) टेलीफोन सेवा शुरू की गई है।
- एनएचपीसी ने हिमाचल प्रदेश के चमेरा–I पावर स्टेशन के लिए इक्विटी पर रिटर्न के प्रतिभूतिकरण के लिए एचडीएफसी बैंक के साथ 24 फरवरी, 2022 को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। चमेरा–I पावर स्टेशन के लिए 10 वर्षों के भावी नकदी प्रवाह के एवज में मुद्रीकरण समझौते से 1016.39 करोड़ रुपए का वर्तमान मूल्य प्राप्त हुआ है। एनएचपीसी के खाते में राशि जमा कर दी गई है।
- निगम मुख्यालय में आजादी अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'हिंदी कवि सम्मेलन' का आयोजन 24 फरवरी, 2022 को किया गया। इस अवसर पर, एनएचपीसी लिमिटेड के नए लोगो का अनावरण भी किया गया।
- हम सभी के जीवन साथियो ने, एनएचपीसी महिला कल्याण संघ के माध्यम से हमेशा समाज के गरीबी से पीड़ित वर्ग की सहायता की है। अपने प्रयासों को जारी रखते हुए, एनएचपीसी महिला कल्याण संघ ने 5 फरवरी, 2022 को खोरी गांव, फरीदाबाद के पास समाज के जरूरतमंद वर्ग को कंबल वितरित किए।
- हमने विभिन्न विधाओं के 67 अधिकारियों की भर्ती द्वारा अपने संगठन में नव ऊर्जा का संचार किया है।
- एनएचडीसी (एनएचपीसी और मध्य प्रदेश सरकार की संयुक्त उद्यम कंपनी) ने एनएचपीसी को 210.50 करोड़ रुपए का अंतरिम लाभांश का भुगतान 3 फरवरी, 2022 को प्रस्तुत किया।
- फरवरी, 2022 माह में कुल राजस्व संग्रह 428.82 करोड़ रुपए रहा।
- फरवरी, 2022 के अंत तक सभी एनएचपीसी पावर स्टेशनों का कुल संचयी उत्पादन 23050.2 एमयू रहा।

मैं आपको और आपके परिवार के सदस्यों को महाशिवरात्रि और होली के पावन अवसर पर बधाई देता हूं।

आपका,

(ए. के. सिंह)
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**



# FROM CMD's DESK

*1st March, 2022*

**Dear Colleague,**

On 24th February 2022, I completed 2 years as Chairman and Managing Director of this premier organization. When I look back at this eventful period, I have nothing but admiration and gratitude to all of you for the overwhelming support I have received from each one of you. Together, we have scripted some great success stories despite the gargantuan challenges posed by the pandemic. I am proud of what we have achieved together.

We are currently a 7000 MW Company, but the pace at which we are moving ahead and with the confidence that the Ministry of Power, GoI is reposing in us by allotting many mega projects in the country, I can assure you that we will soon be a 50,000 MW Company. We are making rapid strides not only within the country but also in Nepal where we are on the verge of signing MoU for implementation of Mugu Karnali (1902 MW) and Phukot Karnali (480 MW) hydropower projects. Apart from this, the states of Madhya Pradesh, Odisha, Jharkhand and Andhra Pradesh have also expressed keenness to work with NHPC in building Pumped Storage projects. Now it is the time for all of us to keep rising to the occasion by putting our head and hands together to complete these projects in record time. This is essential to dispel the common perception that hydropower projects cannot be built without huge time and cost overruns. We pride that we are the torch bearers of hydropower sector in India and it becomes our responsibility to revamp the laggardly image of hydropower sector. To achieve this, we have to be one unified team which lives up to the expectations of all our major stakeholders.

Our financial performance has been on an upward trajectory. Our profit till the 3rd quarter of this year is Rs. 2978 crore against Rs. 2829 crore for the corresponding period of the last year. Despite the pandemic challenges, we achieved the highest ever profit in FY 2020-21. We will, in all probability, surpass this in FY 2021-22.

On 2nd February 2022, I met Shri Manoj Sinha, Hon'ble Lt. Governor of J&K and apprised him of the ongoing activities at the Pakal Dul (1000 MW), Kiru (624 MW), Ratle (850 MW) and Kwar (540 MW) hydroelectric projects in J&K. He was pleased with the progress and advised to expedite the activities for early start of Sawalkot H.E. project (1856 MW) in J&K.

I was on tour to Subansiri Lower Project from 5th to 6th February 2022 to assess the progress of the construction activities at the project. During the visit, Shri Tarin Dakpe, Hon’ble MLA (Raga), the local community leaders and administration discussed implementation of the projects assigned to NHPC in Arunachal Pradesh. The development of Subansiri Lower (2000 MW) Project has left a positive impression in the mindset of the people and they have assured their support for our other upcoming projects in the state. The visit to project also provided me an opportunity to meet Shri Pradan Baruah, Hon'ble Member of Parliament, Lakhimpur. The Hon'ble MP commended the progress of the works and assured his support for the project.

Hon'ble Deputy Chief Minister of Arunachal Pradesh, Shri Chowna Mein, visited 2000 MW NHPC Subansiri Lower Project on 6th February 2022. He visited various project components and expressed his satisfaction over the progress achieved so far. He took keen interest in NHPC's upcoming projects in the state and assured all support not only for completion of Subansiri Lower but also for early start of the works in these projects. Shri Tage Taki, Hon'ble Minister, Agriculture, Horticulture, AH & Vety, Dairy Development, Fisheries, Govt. of Arunachal Pradesh, was also present during the discussion.

Considering our mission to expand our presence in solar business, NHPC signed Letter of Intent for “Development of 10000 MW Renewable Energy Parks/Projects in Rajasthan with Rajasthan Renewable Energy Corporation Limited & Rajasthan Urja Vikas Nigam Ltd” on 8th February 2022. The Hon’ble Chief Minister of Rajasthan, Shri Ashok Gehlot graced the occasion. We have already incorporated a wholly owned subsidiary “NHPC RENEWABLE ENERGY LIMITED (NREL)”, for development of Renewable Energy, Small Hydro and Green Hydrogen based business.

Shri Gyaneshwar Patil, the Hon'ble Member of Parliament (Lok Sabha) Khandwa Constituency, Madhya Pradesh visited our Corporate Office on 9th February 2022. The discussion was mainly focused on setting up of Solar and Pumped Storage Projects in Madhya Pradesh.

**Other highlights of the month are:**

- Visited Bundelkhand Saur Urja Limited on 18th February 2022 and reviewed the progress of works at the 65 MW Kalpi project. The project will be commissioned by May 2022 but efforts are in place to commission 22 MW by March 2022.
- NHPC was awarded ICAI Gold Shield for Excellence in Financial Reporting and SAFA Certificate of Merit for Best Presented Annual Report. Dr. Jitendra Singh, Hon'ble Minister of State (IC), Ministry of Science & Technology & Ministry of Earth Sciences and Hon'ble Minister of State, PMO and Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions, Govt. of India presented the ICAI Gold Shield and SAFA Certificate of Merit on 9th February 2022.
- NHPC arranged Rs. 2000 Crore Term Loan at very competitive interest rate of 5.66% p.a. for a tenure of 9 years 8 months. This is one of the best rate available to any PSU. This will reduce our weighted average domestic borrowing cost by 29 basis points.
- During the month of February 2022, our outstanding dues of more than 45 days plus surcharge were at Rs. 945.51 crore which is the all-time lowest level since commissioning of all the current power stations. Congratulations to Team Commercial for their relentless efforts.
- One of our Elite Sports Scholarship recipient, Ms. Reetika has won Bronze Medal in 72 kg weight category at the International Wrestling tournament held in Veliko Tarnovo, Bulgaria.
- Continuing with our efforts to upgrade our information and communication infrastructure, an Internet Protocol (IP) Telephone service was launched on 22nd February 2022 across NHPC.
- NHPC has signed an agreement with HDFC Bank for securitization of Return on Equity for Chamera-I Power Station, Himachal Pradesh on 24th February 2022. The monetization deal has fetched present value of Rs. 1016.39 crore against the future cash flow of 10 years for Chamera-I Power Station. The amount has been credited to the NHPC account.
- A 'Hindi Kavi Sammelan' under Azadi ka Amrit Mahotsav was organized at Corporate Office on 24th February, 2022. During the occasion, the new logo of NHPC Limited was also launched.
- Our better halves, through NHPC Women Welfare Association, have always supported the poverty stricken sections of the society. Continuing with their efforts, NHPC Women Welfare Association distributed Blankets to the needy section of society on 5th February, 2022 near Khori village, Faridabad.
- We have infused young blood into our organization by recruiting 67 executives in various disciplines.
- NHDC (a JV Company of NHPC and Govt. of Madhya Pradesh) presented Interim Dividend payment of Rs. 210.50 crore to NHPC on 3rd February 2022.
- The total revenue collection during the month of February 2022, was Rs. 428.82 crore.
- The total cumulative generation of all NHPC power stations till the end of February 2022 stood at 23050.2 Mus.

I Convey my greetings to you and your family members on the auspicious occasion of Maha Shivratri and Holi.

Sincerely yours,

**(A. K. Singh)**
**Chairman & Managing Director**